PUMPING LIFE

**Date:- 18.02.2026**

| To,<br>The Secretary,<br>Listing Department<br>National Stock Exchange of India Ltd.<br>Exchange plaza, BKC, Bandra (E)<br>Mumbai-MH 400051. | To,<br>The Secretary,<br>Corporate Relationship Department<br>BSE Limited<br>P. J. Towers, Dalal Street<br>Mumbai- MH 400001. |
|---|---|

**REF :-( ISIN- INE908D01010) SCRIP CODE BSE-531431, NSE Symbol -SHAKTIPUMP**

**Sub:- Newspaper Publications of dispatch of Postal Ballot Notice.**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed copies of the newspaper advertisements published in the Business Standard (Hindi) and Free Press (English) Edition, confirming dispatch of notice of Postal Ballot and providing other information, pursuant to the provisions of Sections 108 and 110 of the Companies Act, 2013 and the rules made thereunder.

Kindly take on record the above information for your reference.

Thanking you,

Yours faithfully
**For Shakti Pumps (India) Limited**

Ravi
Patidar

Digitally signed by Ravi Patidar
DN: c=IN, o=Personal, title=8835,
pseudonym=f5548df080504b6fab66af76e6ae9d7a,
2.5.4.20=098e95d8507c2ee0b78e4884145eebb246409d3498f443b082c47a92a26382c6, postalCode=453331, st=Madhya Pradesh,
serialNumber=31dde50601e6024b2732ca5972ed69c26147945af389098003ac14a4c85644de, cn=Ravi Patidar
Date: 2026.02.18 13:56:35 +05'30'

**Ravi Patidar**
**Company Secretary**

# एआई समिट: अव्यवस्था से निपटने को बनाया 'वॉर रूम'

## भारत मंडपम में पहले दिन हुई दिक्कतों के लिए सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मांगी माफी

**एजेंसियां**
नई दिल्ली, 17 फरवरी

एआई इम्पैक्ट समिट



इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के पहले दिन लंबी कतारों और भारी भीड़ के कारण आगंतुकों को हुई असुविधा के लिए सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को माफी मांगी और कहा कि सम्मेलन का संचालन सुचारु रूप से करने के लिए आयोजक लगातार काम कर रहे हैं। वैष्णव ने कहा कि शिखर सम्मेलन आयोजक लोगों की बात सुनने को तैयार हैं और मुद्दों के तुरंत समाधान के लिए एक 'वॉर रूम' बनाया गया है।

मंत्री ने कहा, 'आपकी जो भी प्रतिक्रिया है, कृपया हमारे साथ साझा करें। हम खुले विचारों वाले हैं। हमने एक 'वॉर रूम' बनाया है। कोई भी समस्या हो, कृपया हमें बताएं। हम निश्चित रूप से इसे आसान बनाने और आप सभी के लिए इसे और अधिक सुविधाजनक बनाने के प्रयास करेंगे।'

वैष्णव ने कहा, 'अगर पहले दिन किसी को कोई समस्या हुई हो तो उसके लिए मैं माफी मांगता हूं। हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं। दुनिया के सबसे बड़े एआई शिखर सम्मेलन को आयोजित करने के लिए पूरा दल दिन-रात काम कर रहा है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास करेंगे कि यह सम्मेलन आप सभी के लिए आनंददायक हो।'

पहले दिन सम्मेलन में स्टार्टअप संस्थापक, वैश्विक प्रौद्योगिकी प्रतिनिधि और अंतरराष्ट्रीय मेहमानों सहित हजारों लोग शामिल हुए, लेकिन भारी भीड़ के कारण लोगों को काफी परेशानी हुई। लंबी कतारें लगीं, सुरक्षा जांच में देरी हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने से पहले कुछ स्टॉल को अस्थायी रूप से खाली करना पड़ा था। अफरा-तफरी की स्थिति के बीच कुछ लोगों ने सामान गुम होने या चोरी होने की भी खबर है। इस बीच मंगलवार को कांग्रेस ने दावा किया कि एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान सरकार की अक्षमता के कारण कुपबंधन की स्थिति पैदा हुई। इससे वैश्विक स्तर पर शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार को हर साल आयोजित होने वाले 'बेंगलूरु टेक समिट' से सीखना चाहिए।

### 4,000 कैमरे, 15,000 सुरक्षा कर्मी

भारत मंडपम में आयोजित हो रहे 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान संदिग्धों पर कड़ी नजर रखने के लिए 4,000 से अधिक एआई-सक्षम कैमरे और 15,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

दिल्ली पुलिस का विशेष प्रकोष्ठ किसी भी ऐसी गतिविधि की निगरानी कर रही है और यह देख रही है कि इस हाई-प्रोफाइल आयोजन के दौरान राष्ट्र विरोधी तत्त्वों द्वारा कानून-व्यवस्था बिगाड़ने या देश की छवि को प्रभावित करने की कोई कोशिश न हो सके। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा के प्रबंध 2023 में हुए जी-20 शिखर सम्मेलन के समान ही कड़े हैं। दिल्ली पुलिस मेहमानों की आवाजाही पर नजर रखने के लिए पड़ोसी गुड़गांव और नोएडा के सुरक्षा बलों के साथ भी समन्वय कर रही है।

## एआई से 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा भारत : प्रधान

**केंद्रीय** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने देश के युवाओं से एआई की पूरी क्षमता का इस्तेमाल करने का मंगलवार को आह्वान करते हुए कहा कि यह प्रौद्योगिकी 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने में निर्णायक भूमिका निभाएगी। प्रधान ने 'एआई इम्पैक्ट समिट' को संबोधित करते हुए भावी पीढ़ी से कहा कि वे एआई के इस्तेमाल को बढ़ाएं, एक साथ काम करने की भावना को मजबूत करें और इस प्रौद्योगिकी से उत्पन्न होने वाली व्यापक संभावनाओं का पता लगाएं।

प्रधान ने कहा कि भारत के बहुआयामी, बहुसांस्कृतिक और बहुभाषी स्वरूप के साथ-साथ उसकी समृद्ध विरासत एवं इतिहास को देखते हुए एआई देश के लिए एक बड़ा अवसर है। उन्होंने कहा कि जटिलताओं को समझने और उनसे निपटने में एआई एक प्रभावी माध्यम बन सकती है। मंत्री ने कहा, 'एआई हमें एक महत्त्वपूर्ण अवसर दे रही है। हमारा समाज बहुआयामी, बहुसांस्कृतिक और बहुभाषी है जिसकी समृद्ध विरासत एवं इतिहास है...। इसकी जटिलताओं और बहुआयामिता को समझने में एआई अहम साधन बन सकती है।' मंत्री ने युवाओं से एआई की गहरी समझ विकसित करने और इससे मिलने वाले व्यापक अवसरों को अपनाने का आग्रह किया तथा कहा कि इससे डरने की जरूरत नहीं है।

## 'स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई के इस्तेमाल में नैतिकता हो'

**विज्ञान** और प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई के प्रभावी इस्तेमाल में नैतिकता की भूमिका बेहद अहम होगी। सरकार के बहुभाषी एआई इंजन 'भारतजेन' का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार किसी भी नई पहल या उभरती तकनीक के प्रारंभिक चरण में ही आगे आकर भूमिका निभाने के लिए तैयार है। मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई का अधिकतम और सही उपयोग सुनिश्चित करने में नैतिक मानदंडों की भूमिका बेहद अहम होगी। वह एआई इम्पैक्ट समिट के एक सत्र में बोल रहे थे। सिंह ने कहा कि 'भारतजेन' सरकारी स्वामित्व वाला संप्रभु मॉडल है, लेकिन निजी क्षेत्र में भी डिजिटल स्वास्थ्य और डिजिटल केस हिस्ट्री जैसे मॉडल पर काम हो रहा है। उन्होंने कहा, 'आने वाले समय में हमें भी एकीकृत होना पड़ेगा। न तो वे अकेले काम कर सकते हैं, न ही हम। इसलिए, हमें इसके लिए तैयार रहना होगा।' अक्टूबर 2024 में शुरू की गई भारतजेन एक सरकारी परियोजना है, जिसका उद्देश्य स्वदेशी एआई मॉडल विकसित करना है। यह मॉडल भारतीय भाषाओं के लिए ऑटोमेटिक स्पीच रिकग्निशन (एएसआर) और टेक्स्ट-टू-स्पीच (टीटीएस) जैसी सेवाएं प्रदान करेगा। इस सत्र में भारतजेन ने अपने नए 17 बी (अरब) पैरामीटर वाले एलएलएम (बड़े भाषा मॉडल) का अनावरण किया।

# मुकदमों में एआई का उपयोग, पेश की जा रहीं झूठी मिसालें

**भाविनी मिश्रा**
नई दिल्ली, 17 फरवरी



**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को अदालती फाइलिंग में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) टूल के बिना सत्यापन उपयोग पर गहरी चिंता जताई है। अदालत में तमाम अनेक याचिकाएं आ रही हैं, जिनमें ऐसे फैसलों और उद्धरणों का हवाला दिया गया, जो या तो गलत हैं अथवा पूरी तरह काल्पनिक आधार पर गढ़े गए।

भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जयमाल्य बागची एवं न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना के पीठ ने कहा कि उनके समक्ष ऐसे तमाम हलफनामे आ रहे हैं, जो एआई से तैयार किए गए प्रतीत होते हैं और उनकी मानवीय स्तर पर उनकी कोई जांच भी नहीं की जाती। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी करते हुए कहा, 'हमें बताया गया है कि कुछ वकीलों ने ड्राफ्टिंग के लिए एआई का उपयोग करना शुरू कर दिया है।'

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने एक ऐसे मामले का उल्लेख किया, जिसमें अदालत के सामने एक गैर-मौजूद मिसाल पेश की गई थी। उन्होंने एआई जैसे स्वचालित टूल पर आंख मूंदकर भरोसा करने के जोखिमों की ओर इशारा करते हुए कहा, 'मर्सी वर्सस मैनकाइंड का एक मामले का अदालत में उदाहरण पेश किया गया। असलियत में यह केस कभी किसी अदालत के समक्ष आया ही नहीं।'

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता के सामने भी ऐसी ही स्थिति उत्पन्न हुई, जहां तर्कों के समर्थन में काल्पनिक मिसालें रख दी गईं। उन्होंने टिप्पणी की, 'न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ।

उद्धृत सभी मिसालें कभी अस्तित्व में थी ही नहीं।' पीठ ने ऐसे उदाहरणों पर भी ध्यान दिलाया, जहां उच्चतम न्यायालय से जुड़े मामलों का हवाला दिया गया, लेकिन उनके साथ ऐसे अंश जोड़ दिए गए, जो वास्तविक फैसले का हिस्सा नहीं थे। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने बताया, 'कुछ लोग उच्चतम न्यायालय के असली फैसलों का हवाला दे रहे हैं, लेकिन उद्धृत अंश संबंधित फैसले में मौजूद ही नहीं हैं।'

ये टिप्पणियां कानूनी ड्राफ्टिंग और शोध में एआई के बढ़ते उपयोग के बारे में व्यापक संस्थागत चिंता को दर्शाती हैं। हाल के महीनों में अदालतों को ऐसी फाइलिंग और कुछ मामलों में ड्राफ्ट आदेश भी मिले हैं, जिनमें उन मिसालों का उल्लेख किया गया है, जिनका आधिकारिक लॉ रिपोर्ट या कोर्ट डेटाबेस में कोई पता नहीं है। इससे एक बात और साबित हो जाती है कि तकनीकी सहायता कभी भी पेशेवर परिश्रम की जगह नहीं ले सकती। जजों ने इस बात पर जोर दिया है कि डिजिटल टूल अनुसंधान और केस प्रबंधन में तो मदद कर सकते हैं, लेकिन सटीकता सुनिश्चित करने का दायित्व बार और बेंच के सदस्यों के ऊपर ही है और वे पूरी सतर्कता से जांच-पड़ताल के बाद ही आगे बढ़ें। रिकॉर्ड में पेश करने से पहले हर मिसाल और कानूनी प्रस्ताव को प्रामाणिक एवं अधिकृत स्रोतों से सत्यापित किया जाना चाहिए।

## बाबा रामदेव के व्यक्तित्व अधिकार मामले में सोशल मीडिया मंचों ने जताया विरोध

**भाविनी मिश्रा**
नई दिल्ली, 17 फरवरी

**योग** गुरु बाबा रामदेव द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर व्यक्तित्व अधिकार मामले के कई बिंदुओं का सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने विरोध किया है। उनका कहना है कि यदि ऐसा हुआ तो व्यंग्य, पैरोडी, राजनीतिक टिप्पणी, समाचार रिपोर्टिंग और फैक्ट-चेक जैसी टिप्पणियों को प्लेटफॉर्म से हटाना पड़ेगा, जो संविधान के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के दायरे में आती हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की ओर से पेश हुए अधिवक्ताओं ने तर्क दिया कि इस तरह के निर्देश अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की संवैधानिक गारंटी का उल्लंघन करेंगे। उन्होंने बताया कि प्लेटफॉर्म से हटाने के लिए चिह्नित की गई कुछ सामग्री में रामदेव का हाथी पर सवार वीडियो, उनके द्वारा एलोपैथिक डॉक्टर से इलाज कराने वाले चित्र और उन्हें पेट्रोल की कीमतों से जोड़ने वाली टिप्पणी शामिल हैं। उन्होंने तर्क दिया कि ये अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के दायरे में आते हैं। एक्स की ओर से अदालत को बताया गया कि याचिका में चिन्हित 16 यूआरएल में से 14 पहले ही हटाए जा चुके हैं। वहीं मेटा की ओर से कहा गया कि स्पष्ट रूप से गैरकानूनी या आपत्तिजनक सामग्री हटाने में कोई गुरेज नहीं है, लेकिन समाचार रिपोर्टिंग को व्यक्तित्व अधिकार के नाम पर प्रतिबंधित नहीं किया जा सकता।

रामदेव की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ने तर्क दिया कि कई पोस्ट उनके नाम, छवि, आवाज और विशिष्ट शैली का दुरुपयोग करते हुए उन्हें बदनाम करने वाली हैं। उन्होंने डीपफेक, फर्जी विज्ञापन और अनधिकृत व्यावसायिक इस्तेमाल पर रोक लगाने की मांग की है।


CFM thoughtful regeneration

**सीएफएम एसेट रीकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड** CIN: U67100GJ2015PTC083994

पहली मंजिल, वेकफील्ड हाउस, स्प्रोट रोड, बैलार्ड एस्टेट, मुंबई -400038 ईमेलः ram-jaluka@cfmarc-in संपर्कः 022-40055282/8976862752

**कब्जे की सूचना**

"फिनोवा कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड ने 31 दिसंबर 2024 के असाइनमेंट डीड के जरिए सीएफएम एसेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में ऋण सौंप दिया है। चूंकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता सीएफएम एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (सीएफएम एआरसी) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/ सह-उधारकर्ताओं/ बंधककर्ताओं/गारण्टर को देय राशि चुकाने के लिए एक मांग नोटिस जारी किया है। उधारकर्ता और आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने उक्त नियमों की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधारकर्ता और व्यक्तिगत गारंटर विशेष रूप से और आम जनता को इस संपत्ति से कोई लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन सीएफएमएआरसी द्वारा नीचे उल्लिखित राशि के साथ-साथ उस पर अतिरिक्त ब्याज और लागत, शुल्क और व्यय आदि (मांग नोटिस जारी होने के बाद से भुगतान की गई राशि को घटाकर, यदि कोई हो) के अधीन होगा। उधारकर्ता और व्यक्तिगत गारंटर का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित आस्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है। LAN नंबर उधारकर्ता / सह-उधारकर्ता/ बंधककर्ता /गारंटर मांग नोटिस की तिथि और राशि बंधक संपत्ति के कब्जे का विवरण।

| ऋणी/सह-ऋणी एवं गारण्टर का नाम एवं पता | मांग नोटिस की तिथि और राशि | कब्जे की तिथि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) 6021173, तोलाराम (ऋणी) कृष्णा बाई (सहऋणी) जय सिंह (सहऋणी) | 27 अक्टूबर 25 2,53,485/- दो लाख तरेपन हजार चार सौ पिचासी रुपए मात्र, 30 सितम्बर तक | 11 फरवरी 26 | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित मकान नं. 19, ग्राम एवं ग्राम पंचायत रामादी, तहसील मकदोन, जिला उज्जैन 456770, क्षेत्रफल 864 वर्गफीट |
| (ऋण खाता संख्या) 5026445, रणधीर सिंह कुशवाह (ऋणी) लक्ष्मी बाई कुशवाह (सहऋणी) पृथ्वीराज कुशवाह (सहऋणी) | 27 अक्टूबर 25 3,76,883/- तीन लाख छिहत्तर हजार आठ सौ तिरासी रुपए मात्र, 30 सितम्बर तक | 14 फरवरी 26 | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित पटवारी हल्का नं. 24, खसरा नं. 263/1,/3 का भाग, ग्राम सहरोड, तहसील आरोन, जिला गुना (म.प्र.), गुना, मध्य प्रदेश, इंडिया, क्षेत्रफल 616.125 वर्गफीट, पूर्वः खुली भूमि, पश्चिमः हरवीर कुशवाह का मकान, उत्तरः स्वयं, दक्षिणः राघोगढ़ से आरोन रोड |
| (ऋण खाता संख्या) 5032915, पप्पू सिंह (ऋणी) इलावती पप्पू सिंह (सहऋणी) लक्ष्मीनारायण (सहऋणी) | 27 अक्टूबर 25 6,76,919/- छः लाख छिहत्तर हजार नौ सौ उन्नीस रुपए मात्र, 30 सितम्बर तक | 11 फरवरी 26 | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित पटवारी हल्का नं. 19, खसरा नं. 68, ग्राम झिरनिया, तहसील बेरसिया, जिला भोपाल, म.प्र. 457551, क्षेत्रफल 720 वर्गफीट, पूर्वः खाली भूमि तत्पश्चात रोड, पश्चिमः बतनलाल की भूमि, उत्तरः गंगाराम की भूमि, दक्षिणः स्वयं की संपत्ति |
| (ऋण खाता संख्या) 5012537, प्रदीप मारन (ऋणी) रीना कुमारी (सहऋणी) | 03 मार्च 25 2,69,132/- दो लाख उनहत्तर हजार एक सौ बत्तीस रुपए मात्र, 31 दिसम्बर तक | 11 फरवरी 26 | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित मकान नं. 290, पटवारी हल्का नं. 33, ग्राम मेंडोरी, तहसील हुजूर, भोपाल, म.प्र. 462001, क्षेत्रफल 900 वर्गफीट, पूर्वः 30' - हुकम सिंह विश्वकर्मा का मकान, पश्चिमः 30' - रोड, उत्तरः 40' - मनमोहन विश्वकर्मा का मकान, दक्षिणः 40' - स्वयं का कच्चा मकान |

प्राधिकृत अधिकारी
सीएफएम एसेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड
[सीएफएमएआरसी ट्रस्ट – 151 के ट्रस्टी के रूप में कार्यरत]

दिनांकः 17.02.2026
स्थानः भोपाल, म.प्र.



SHAKTI
PUMPING LIFE

**शक्ति पम्पस् (इंडिया) लिमिटेड**

सीआईएनः L29120MP1995PLC009327

**कार्पोरेट कार्यालय** : प्लॉट नं. सी-4, सिल्वर स्प्रिंग फेज-2, बिजनेस पार्क, बायपास रोड, डी-मार्ट के सामने, इंदौर (म.प्र.)-452020
**पंजीकृत कार्यालय** : प्लॉट नं. 401, 402 एवं 413, सेक्टर III, औद्योगिक क्षेत्र, पीथमपुर, जिला धार (म.प्र.)-454774
दूरभाष : +91-731-3635000, ई-मेल : cs@shaktipumpsindia.com, वेबसाइट : https://shaktipumps.com/

**पोस्टल बैलेट हेतु सूचना**

एतद् द्वारा कंपनी अधिनियम 2013 (अधिनियम) की धारा 108 एवं 110 के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम 2014 जैसा भी संशोधित हो (प्रबंध नियम) के नियम 20 और 22 के साथ पठित कार्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी दिनांकित 8 अप्रैल, 2020 की सामान्य परिपत्र सं. 14/2020, दिनांकित 13 अप्रैल, 2020 की सामान्य परिपत्र सं. 17/2020 एवं दिनांकित 22 सितम्बर, 2025 का नवीनतम सामान्य परिपत्र सं. 03/2025 ("एमसीए परिपत्र") तथा सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के अनुसार **शक्ति पम्पस् (इंडिया) लिमिटेड ("कंपनी")** के सदस्यों को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित एजेंडा आइटम इलेक्ट्रॉनिक साधनों ("रिमोट ई-वोटिंग") द्वारा वोटिंग करके पोस्टल बैलेट के माध्यम से अनुमोदन हेतु कंपनी के सदस्यों द्वारा अनुमति विचार किए जाने के लिए प्रस्तावित किए गए हैं

| क्र.सं. | एजेंडा आइटम |
|---|---|
| 1. | **श्रीमती बेला भारतेंदु जानी (DIN: 11539694) की कंपनी की वुमन इंडीपेंडेन्ट डायरेक्टर के रूप में नियुक्ति** |

एमसीए परिपत्रों का अनुपालन करते हुए कंपनी ने मंगलवार, 17 फरवरी, 2026 को, केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से, कंपनी के उन सभी सदस्यों को पोस्टल बैलेट सूचना जारी की है, जिनके नाम सदस्यों के रजिस्टर / लाभार्थी की सूची में प्रत्यक्ष थे, जैसा कि शुक्रवार, 13 फरवरी, 2026 (विशिष्ट तिथि / कट-ऑफ डेट) को व्यावसायिक घंटों की समाप्ति पर क्रमशः डिपॉजिटरी द्वारा इसका प्रबंधन किया गया था तथा जिनके ई-मेल एड्रेस रजिस्ट्रार / डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत है। पोस्टल बैलेट सूचना कंपनी की वेबसाइट **www.shaktipumps.com**, स्टॉक एक्सचेंज अर्थात् बीएसई एवं एनएसई की वेबसाइट क्रमशः **www.bseindia.com** एवं **www.nseindia.com** तथा सीडीएसएल की वेबसाइट **www.evoting.india.com** पर उपलब्ध है।

जिन सदस्यों के नाम (विशिष्ट तिथि / कट-ऑफ डेट) पर सदस्यों के रजिस्टर / लाभार्थी की सूची में प्रत्यक्ष हैं, वे पोस्टल बैलेट सूचना में निर्धारित प्रस्तावों पर मतदान करने के हकदार हैं। सदस्यों के वोटिंग करने के अधिकार की गणना (विशिष्ट तिथि / कट ऑफ डेट) पर उनके द्वारा धारित चुकता इक्विटी (पेड-अप इक्विटी) शेयरों के अनुपात में की जाएगी। कोई व्यक्ति जो (विशिष्ट तिथि / कट-ऑफ डेट) पर सदस्य नहीं है, वह पोस्टल बैलेट नोटिस को केवल सूचना के प्रयोजन से मानेगा।

एमसीए परिपत्रों के अनुपालन में, कंपनी से अपने सदस्यों को केवल रिमोट (दूरस्थ) ई-वोटिंग सुविधा प्रदान की जाती है ताकि वे भौतिक पोस्टल बैलेट प्रस्तुत करने के बजाए इलेक्ट्रॉनिक रुप से अपना वोट डाल सकें। सदस्यों की सहमति या असहमति का संचार केवल रिमोट (दूरस्थ) ई-वोटिंग सुविधा के लिए सीडीएसएल के साथ एग्रीमेन्ट किया है ताकि सदस्य केवल इलेक्ट्रॉनिक रुप से ही अपना वोट डाल सके।

रिमोट (दूरस्थ) ई-वोटिंग हेतु विस्तृत प्रक्रिया और निर्देश पोस्टल बैलेट नोटिस में विस्तार से दिए गए हैं। रिमोट ई-वोटिंग बुधवार, 18 फरवरी, 2026 को प्रातः 09:00 बजे (आईएसटी) से शुरु होगी और गुरुवार, 19 मार्च, 2026 को सायं 05:00 बजे (आईएसटी) समाप्त हो जाएगी। उपरोक्त वोटिंग अवधि समय समाप्त होने पर सीडीएसएल द्वारा वोटिंग के लिए रिमोट (दूरस्थ) ई-वोटिंग सुविधा अक्षम कर दी जाएगी।

**श्री मनीष माहेश्वरी**, कंपनी सचिव (M.No. 5174, COP No. 3860) प्रोप्राराइटर एम. माहेश्वरी एंड एसोसिएट्स को पोस्टल बैलेट के लिए संवीक्षाकर्ता (स्क्रूटनाइजर) के रुप में नियुक्त किया गया है।

पोस्टल बैलेट का परिणाम वोटिंग की (विशिष्ट तिथि / कट-ऑफ डेट) से दो कार्य दिवसों के भीतर घोषित किया जाएगा। कंपनी की वेबसाइट, सीडीएसएल की वेबसाइट पर भी परिणाम अपलोड किए जाएंगे और एनएसई और बीएसई को भी इस बारे में सूचित किया जाएगा।

इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोटिंग के बारे में किसी भी प्रश्न / शिकायत के मामले में आप सीडीएसएल के ई-मेल आईडी **helpdesk.evoting@cdsl.com** पर या टेलीफोन नंबर 021-62343626 पर संपर्क कर सकते हैं। आप शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यूएस) और शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग यूजर मैन्युअल भी देख सकते हैं जो **www.evotingindia.com** के डाउनलोड सेक्शन पर उपलब्ध है।

पोस्टल बैलेट नोटिस से संबंधित किसी भी प्रश्न के मामले में अथवा यदि कोई सदस्य जिसका नाम (विशिष्ट तिथि / कट-ऑफ डेट) तक सदस्यों के रजिस्टर / लाभार्थी की सूची में है, पर जिसको पोस्टल बैलेट नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है, ऐसे मामले में वह **cs@shaktipumpsindia.com** को लिख सकते हैं।

वास्ते - **शक्ति पम्पस् (इंडिया) लिमिटेड**
हस्ताक्षर/-
**रवि पाटीदार**
कंपनी सचिव

तिथि : **17.02.2026**
स्थान : **इन्दौर**



*This advertisement is for information purposes only and not for publication, distribution or release directly or indirectly outside India. This is not an announcement for the offer document. All capitalized terms used and not defined herein shall have the same meaning assigned to them in the Letter of Offer dated April 19, 2025 (the "Letter of Offer" or "LOF"), filed with the Securities and Exchange Board of India ("SEBI") and the stock exchanges, namely BSE Limited ("BSE") and National Stock Exchange of India Limited ("NSE" and together with "BSE", "Stock Exchanges").*

LLOYDS ENGINEERING WORKS

**LLOYDS ENGINEERING WORKS LIMITED**

Regd. Office: PLOT NO. A 5/5, MIDC INDUSTRIAL AREA, MURBAD, DIST. THANE: 421401.
Corporate Office: A2, 2nd Floor, Madhu Estate, Pandurang Budhkar Marg, Lower Parel, Mumbai - 400013.
Tel. Nos.: 022-6291 8111 CIN : L28900MH1994PLC081235
Website : www.lloydsengg.in Email: infoengg@lloyds.in

**CORRIGENDUM TO THE NOTICE FOR THE PAYMENT OF FIRST AND FINAL CALL MONEY PUBLISHED ON JANUARY 30, 2026 IN (i) All editions of Business Standard (English and Hindi national daily newspaper with wide circulation); and (ii) the Mumbai edition of Mumbai Lakshadeep (Marathi language daily newspaper with wide circulation, Marathi being the regional language of Mumbai, where our Registered Office is situated).**

**FOR THE ATTENTION OF ELIGIBLE SHAREHOLDERS OF PARTLY PAID-UP EQUITY SHARES (ISIN: INE093R01011) OF LLOYDS ENGINEERING WORKS LIMITED HELD AS ON RECORD DATE I.E. WEDNESDAY, JANUARY 28, 2026.**

**CORRIGENDUM TO FIRST AND FINAL CALL NOTICE**

| | |
|---|---|
| First and Final Call Payment Period Opens on | Wednesday, February 18, 2026 |
| First and Final Call Payment Period Closes on | Wednesday, March 04, 2026 |

**All the Eligible shareholders are requested to take note of the above change in the First and Final Call Call Money payment period. All capitalized terms not defined herein would have the same meaning as attributed to it in the Letter of Offer.**

**All correspondence in this regard may be addressed to Registrar to the Issue at the below mentioned address**

**Bigshare Services Private Limited, Registrar and Share Transfer Agent,**
**Unit – Lloyds Engineering Works Limited,**
Office No. S6-2, 6th Floor, Pinnacle Business Park, Next to Ahura Centre,
Mahakali Caves Road,
Andheri (East), Mumbai - 400093, India.
**Telephone:** +91-22-62638200,
**Email:** investor@bigshareonline.com
**Contact Person:** Suraj Gupta
**Website:** www.bigshareonline.com,
**SEBI Registration No.:** INR000001385.

For Lloyds Engineering Works Limited
Sd/-
Rahima Shaikh
Company Secretary and Compliance Officer
ACS: 63449

Date: February 18, 2026
Place: Mumbai



Truhome FINANCE

**माँग सूचना**

**ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड**
(पूर्व का श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)

पंजीकृत कार्यालय : श्रीनिवास टॉवर, प्रथम तल, द्वार नं. 5, पुराना नं. 11, द्वितीय लेन, सेनाटोफ रोड, अलवरपेट, तेयनाम्पेट, चेन्नई-600018, मुख्य कार्यालय : लेवल 3, वॉकहार्ट टावर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400051,
वेबसाइट : www.truhomefinance.in

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कर्जदारों ने **ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व की श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)** से प्राप्त ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज की अदायगी में चूक की है और उक्त ऋण खातों को गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है, उन्हें वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफैसी अधिनियम) की धारा 13 (2) के तहत उनके अंतिम ज्ञात पते पर मांग सूचना जारी की गयी थी। उक्त मांग सूचना के अलावा, उन्हें इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया गया है।

कर्जदारों, प्रतिभूतियों, बकाया राशि, धारा 13(2) के अंतर्गत भेजी गई मांग सूचना और उसके अंतर्गत दावाकृत राशि का विवरण निम्नानुसार हैः-

| कर्जदार(रों)/सह-कर्जदार(रों) का नाम तथा पता | प्रतिभूत आस्तियों का सम्पत्ति पता | मांग सूचना की तिथि तथा बकाया राशि रु. में |
|---|---|---|
| (1) श्री आजाद पटेल पुत्र श्री नरेन्द्र कुमार पटेल (2) श्रीमती विनीता पटेल पत्नी श्री नरेन्द्र कुमार पटेल मकान नंबर 108/1, मेन रोड, राम वार्ड देवरी खुर्द, यूको बैंक के पास, बम्हनोदा, पनागर, जबलपुर,मध्य प्रदेश-480001. **लैन नं. -SLPHJABL0000284/ SHLHJABL0000300** **ऋण राशिः- रु. 2144046/- तथा 1617535/-** **एनपीए तिथिः- 03-02-2026** | अचल संपत्ति का समस्त भाग - समस्त संपत्ति मौजा धमधा पीएच.नं.-22, आर.एन.एम. खितोला, ब्लॉक सिहोरा, खसरा नं.-84/2, क्षेत्रफल 1329.25 वर्ग फीट (123.53 वर्ग मीटर) ग्राउंड फ्लोर निर्माण क्षेत्रफल 886 वर्ग फीट (82.38 वर्ग मीटर) तहसील सिहोरा और जिला जबलपुर। सीमाएंः- उत्तर में एम.एल. कोरी द्वारा मुन्ना लाल ठाकुर को बेची गई संपत्ति दक्षिण में मुन्ना लाल दुबे की संपत्ति। पूर्व में सड़क। पश्चिम में सड़क | मांग सूचना दिनांक-12/02/2026 मांग सूचना राशि रु. 23,16,998/- (रुपये तेईस लाख सोलह हजार नौ सौ अट्ठानवे मात्र) दिनांक 07/02/2026 तक ऋण खाता संख्या **SLPHJABL0000284** के संदर्भ में, और रु. 13,80,576/- (रुपये तेरह लाख अस्सी हजार पांच सौ छिहत्तर मात्र) दिनांक 07/02/2026 तक ऋण खाता संख्या **SHLHJABL0000300** के संदर्भ में साथ ही अब तक उल्लेखित भावी ब्याज और आकस्मिक व्यय, लागत आदि। |
| (1) श्रीमती शारदा दुबे पत्नी श्री दिनेश कुमार दुबे (2) श्री शशांक दुबे पुत्र श्री दिनेश कुमार दुबे मकान नंबर 495, केशरी नगर, मानेगांव, रांझी, जबलपुर, मध्य प्रदेश, - 480001. **लैन नंबर - SLPHJABL0000120** **ऋण राशि- रु. 1367526/-** **एनपीए तिथिः- 03-02-2026** | अचल संपत्ति का समस्त भाग - समस्त संपत्ति खसरा नंबर 14/2 (पुराना) का हिस्सा म्यूटेशन के बाद खसरा नंबर 14/2/2 (नया) प्लॉट क्षेत्रफल 30'x44"=1320 वर्ग फीट (122.67 वर्ग मीटर) मौजा मानेगांव, पीएच नं.-14, आर.एन.एम.-जबलपुर-2, लाला लाजपत राय केशरी नगर, तहसील जबलपुर (पुराना) रांझी [नया] और जिला जबलपुर जिला जबलपुर (म.प्र.) में स्थित है, इसकी सीमा निम्नानुसार हैः- पूर्व - ब्रजमोहन गुप्ता की संपत्ति, पश्चिम- कंजर्वेंसी और शर्मा जी की संपत्ति, उत्तर- साइड रोड दक्षिण- नाला | मांग सूचना दिनांक-12/02/2026 मांग सूचना राशि रु. 13,64,250/- (रुपये तेरह लाख चौसठ हजार दो सौ पचास मात्र) दिनांक 09/02/2026 तक ऋण खाता संख्या **SLPHJABL0000120** के संदर्भ में, साथ ही अब तक उल्लेखित भावी ब्याज, आकस्मिक खर्च, लागत आदि। मांग सूचना दिनांक-12/02/2026 |
| (1) श्री राजीव शर्मा पुत्र श्री पूनम चंद शर्मा (2) श्रीमती सोनाली शर्मा पत्नी श्री राजीव शर्मा (3) श्रीमती पुष्पा शर्मा पत्नी श्री पूनम चंद शर्मा मकान नंबर 1182, एचबी कॉलेज के पास, विजय नगर, जबलपुर, मध्य प्रदेश - 482002. लैन नंबर - **SLPHJABL0000096/ SLPHJABL0000188/ SLPHJABL0000286** **ऋण राशि;- रु. 2127621/- तथा 2124388/- तथा 1584736/-** **एनपीए तिथिः- 03-02-2026** | अचल संपत्ति का समस्त भाग - समस्त संपत्ति जबलपुर विकास प्राधिकरण योजना क्रमांक 5 फेस-2 विजय नगर जबलपुर प्लॉट क्रमांक 1182 प्लॉट क्षेत्रफल 4060 2400 वर्ग फीट (223.04 वर्ग मीटर) मौजा लक्ष्मीपुर एन.बी. नं. 643 पीएच. नं. 25 पर स्थित, पुराना दीनदयाल उपाध्याय वार्ड न्यू महाराजा अग्रसेन वार्ड नंबर 35, शहर तहसील और जिला -जबलपुर (म.प्र). सीमाएंः- पूर्व की ओरः प्लॉट नंबर 1183, पश्चिम की ओरः प्लॉट नंबर 1181, उत्तर की ओरः प्लॉट नंबर 1157, दक्षिण की ओरः कॉलोनी रोड | मांग सूचना राशि रु. 2246039/- (रुपये बाईस लाख छियालीस हजार उनतालीस मात्र) दिनांक 07/02/2026 तक ऋण खाता संख्या **SLPHJABL0000096** के संदर्भ में, और रु. 21,42,448/- (रुपये इक्कीस लाख बयालीस हजार चार सौ अड़तालीस मात्र) दिनांक 07/02/2026 तक ऋण खाता संख्या **SLPHJABL0000188** के संदर्भ में, और रु. 17,11,817/- (रुपये सत्रह लाख ग्यारह हजार आठ सौ सत्रह मात्र) दिनांक 07/02/2026 तक ऋण खाता संख्या **SLPHJABL0000286** के संदर्भ में साथ ही अब तक उल्लिखित भावी ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत आदि। |

इसलिए आप कर्जदारों से अनुरोध है कि आप इस सूचना के 60 दिनों के भीतर ऊपर बताए गए बकाया राशि का पूरा भुगतान करें, अन्यथा अधोहस्ताक्षरी उपरोक्त प्रतिभूतियों को प्रवर्तित करने के लिए सरफैसी अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगा। कृपया ध्यान दें कि उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार, आपको हमारी सहमति के बिना बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उपरोक्त संदर्भित प्रतिभूतियों को स्थानांतरित करने से निषिद्ध किया जाता है।

**स्थानः जबलपुर (म.प्र.)**
**दिनांकः 18.02.2026**

**ह./ अधिकृत प्राधिकारी- ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड**
**(पूर्व का श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)**

